बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या– PR...../2026

सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–VI (सत्र 2027–28) में नामांकन हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा (प्रारम्भिक), 2027 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थी, अभिभावक एवं संबंधित के लिए आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–VI (सत्र 2027–28) में नामांकन हेतु दिनांक 24.10.2026 को आयोजित प्रवेश परीक्षा (प्रारम्भिक), 2027 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थी, अभिभावक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रवेश परीक्षा (प्रारम्भिक), 2027 में उपयोग में लाये गये प्रश्न–पत्र बुकलेट (सेट कोड– A, B, C, D, E, F, G, H, I एवं J) की उत्तर कुंजी (Answer Key) समिति के वेबसाइट **https://biharsimultala.com पर दिनांक 31.10.2026 से 03.11.2026** तक अपलोड रहेगा।

2. उक्त परीक्षा की उत्तर कुंजी (Answer Key) में अगर किसी प्रकार की कोई त्रुटि परिलक्षित होती है तो समिति के उक्त वेबसाइट पर साक्ष्य सहित ऑनलाइन के माध्यम से अपनी आपत्ति **दिनांक 31.10.2026 से 03.11.2026** तक दर्ज कर सकते हैं।

3. **समिति के उक्त वेबसाइट के पोर्टल पर आपत्ति दर्ज करने का तरीका निम्नवत् है :–**

- उत्तर कुंजी देखने एवं आपत्ति दर्ज करने हेतु अभ्यर्थी उपर्युक्त वेबसाइट पर दिए गए Link पर जाकर अपना मोबाइल नम्बर एवं Password डालकर Login करेंगे।
- Login के बाद Download Master Answer पर Click कर उत्तर कुंजी देख सकते हैं एवं डाउनलोड कर सकते है। इसके बाद Objection Form पर Click करने पर आपत्ति विंडो खुलेगा।
- अभ्यर्थी आपत्ति विंडो में अपना प्रश्न–पत्र सेट कोड, प्रश्न संख्या एवं Nature of Objection को Select कर आपत्ति के लिए संबंधित टेक्स्ट बॉक्स में Objection/Recommend/Remarks या अतिरिक्त जानकारी भी अंकित कर सकते है तथा अंत में Submit Button पर Click करेंगे।
- एक से ज्यादा आपत्ति दर्ज करने के लिए एक–एक करके अपना आपत्ति दर्ज करते हुए Document Upload कर सकते है। दर्ज किए गए आपत्ति की सूची Objection List में देखा जा सकता है।
- आपत्ति सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किये जाएँगे। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

30/10/26

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

ज्ञापांक : के०वि० 962 /2026 पटना, दिनांक : 30 / 10 /2026

प्रतिलिपि :
1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को दैनिक समाचार–पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।
2. Project Manager, M/s Antier Solutions Private Limited, Punjab को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. उप निदेशक, आई०टी० (विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त परीक्षा के प्रश्न पत्र बुकलेट (सेट कोड– A, B, C, D, E, F, G, H, I एवं J) एवं सभी सेटों की उत्तर कुंजी (Answer Key) को समिति के उक्त बेवसाइट पर **दिनांक 31.10.2026 से 03.11.2026** तक अपलोड रखने एवं उक्त अवधि में ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करने की व्यवस्था की जाय। साथ ही संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु इसे समिति के B.S.Ex.B.Mobile App पर डाल दिया जाए तथा अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाए तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाए।
4. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. अध्यक्ष/सचिव के आप्त सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

30/10/26.

परीक्षा नियंत्रक (विविध),
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

Scanned with OKEN Scanner